झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/25/21 –10 ,राँची/दिनांक: 31/01/2022

पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2021–22 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नामांकन हेतु तृतीय एवं अंतिम ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

तकनीकी शिक्षा निदेशालय, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राँची के पत्रांक–वि0प्रा0छा0ना0–01/14 (Part)-64 दिनांक 18.01.2022 के आलोक में डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2021 के परीक्षाफल के आधार पर आयोजित प्रथम एवं द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार से अनुशंसित अभ्यर्थियों के द्वारा संबंधित संस्थानों में नामांकन के उपरान्त रिक्त रह गये सीटों पर नामांकन की अनुशंसा हेतु पर्षद द्वारा तृतीय एवं अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार आयोजित की जा रही है।

2. प्रथम एवं द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से आवंटित/अनावंटित एवं संस्थानों में नामांकित/अनामांकित सभी अभ्यर्थी इस साक्षात्कार के लिये योग्य है।

3. यदि प्रथम एवं द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आधार पर नामांकित अभ्यर्थी को इस साक्षात्कार में सीट पुनर्आवंटन होता है तो उन्हें नये आवंटित शाखा एवं/या संस्थान में नामांकन लेना अनिवार्य होगा क्योंकि उनका पूर्व का नामांकन स्वतः रद्द हो जायेगा तथा उनके द्वारा रिक्त किये गये सीट पर किसी दूसरे अभ्यर्थी को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर पर्षद द्वारा अनुशंसित किया जायेगा।

4. परीक्षाफल में सम्मिलित तथा धनात्मक (Positive) अंक धारक अभ्यर्थी द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं को अपनी प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Click here for All Online Counselling – JCECEB 2021" Link पर Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों को भरा जाना है। **विकल्पों को चयन करने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों का चयन करें।**

5. **साक्षात्कार शुल्कः**– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female candidate of all categories	Rs. 250.00

6. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा

अध्ययन जारी रखते हैं तो आंशिक नामांकन शुल्क की राशि शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु संबंधित संस्थान को उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि पर्षद द्वारा जब्त (Seize) कर ली जायेगी। प्रथम एवं द्वितीय चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से नामांकित अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन शुल्क की राशि देय नहीं होगी।

7. तृतीय एवं अंतिम चक्र साक्षात्कार से संबंधित साक्षात्कार कार्यक्रम निम्नवत है:-

Time-Schedule for 3rd & Last Round of Online Counseling

1.	Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment	01.02.2022 to 07.02.2022
2.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	11.02.2022 to 16.02.2022
3.	Documents Verification and Admission in the Concerned Institute	11.02.2022 to 16.02.2022

8. तृतीय एवं अंतिम चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित में नामांकन के लिये अनुशंसा हेतु किसी आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने पर आरक्षित सीटों का विनियमन कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के ज्ञापांक–14/आ0नी0–04–02/2019 का0–1434/राँची दिनांक–15.02.2019 द्वारा निर्गत संकल्प के अनुसार किया जायेगा।

पर्षद द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या– जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/25/21 – 51 दिनांक–16.11.2021 (P.R. No.-257053) में निहित शेष नियम एवं शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

31/01/2022

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक